संख्या-69 /3414 /चार-2015-73(वि)/2015

प्रेषक,

आलोक रंजन
मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश ।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 07 जुलाई,2015

विषय:- संस्कृति विभाग की वेबसाईट पर अपलोड/सृजित किये गये ई-कैलेण्डर एवं ई-कैलेण्डर की सूचनाओं को एस0एम0एस0 सेवा के माध्यम से प्रसारित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत तथा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य बनाये रखने और उसे वर्तमान एवं आगामी पीढी को भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने हेतु प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग अपने तीन निदेशालयों यथा- संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 राज्य पुरातत्व निदेशालय तथा उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के माध्यम से सतत् प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त संस्कृति विभाग के अधीन कार्यरत स्वायत्तशासी संस्थायें यथा- उ0प्र0संगीत नाटक अकादमी, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, अयोध्या शोध संस्थान , जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान तथा जैन विद्या शोध संस्थान भी अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर रही है। सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न आयामों को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया जाता है और इस प्रक्रिया में सामान्य जन मानस को सांस्कृतिक गतिविधियों से परिचित कराने का सबसे सशक्त माध्यम सांस्कृतिक गतिविधियॉ होती है। आज के तकनीकी युग के दृष्टिगत यह आवश्यकता महसूस की गयी है कि सांस्कृतिक गतिविधियों यथा- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों/संगोष्ठियों /प्रदर्शनियों एवं संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृहो में होने वाले समस्त कार्यक्रमों का विवरण एवं सूचनायें संस्कृति विभाग की वेबसाईट अपलोड /सृजित की जाय और तद्नुसार upculture.up.nic.in सृजित /अपलोड कर ई-कैलेण्डर बनाया गया है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गयी ई-कैलेण्डर की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए इसे आम जनता से जोडने का प्रयास करे ताकि प्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों से परिचित होते हुए लाभान्वित हो सके। संस्कृति विभाग के उक्त वेबसाइट पर सृजित/अपलोड ई-कैलेण्डर के सम्बन्ध में निम्नांनुसार सूचनायें प्राप्त की जा सकती है:-

(1) उक्त वेबसाइट पर बनाया गया ई-कैलेण्डर का तीन तरह से यथा मासिक, वार्षिक एवं पूरी सूची अवलोकन किया जा सकता है। ई-कैलेण्डर के कार्यक्रमों का अवलोकन करने के लिए विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर ई-कैलेण्डर टैग बनाया गया है, जिसके टैग/लिंक पर क्लिक करके ई-कैलेण्डर पर कार्यक्रम का विवरण देखा जा सकता है।

(2) ई-कैलेण्डर के साफ्वेयर के साथ संस्कृति विभाग के अधीनस्थ निदेशालयों एवं संस्थाओं द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं विभागीय प्रेक्षागृहों में आयोजित/प्रायोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों यथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों /संगोष्ठियों एवं प्रदर्शनियों तथा निजी संस्थाओं द्वारा प्रेक्षागृह में आरक्षित कार्यक्रमों में समुचित जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in से नि:शुल्क एस0एम0एस0 सूचना प्रसारित करने हेतु एस0एम0एस0 रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। कोई भी व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन कराते हुए इस सुविधा का लाभ उठा सकता है।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या: 69 / 3414 (1)/चार-2015-73(वि)/2015 तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव,मा0 संस्कृति मंत्री,उत्तर प्रदेश ।
2- स्टाफ आफीसर , मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
4- निदेशक, संस्कृति/उ0प्र0 राज्य पुरातत्व/ उ0प्र0संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ।
5- निदेशक,सूचना विभाग , उ0प्र0 ।
6- समस्त विभागाध्यक्ष,उत्तर प्रदेश।
7- निदेशक/सचिव, स्वायत्तशासी संस्थान/ अकादमी , संस्कृति विभाग,उ0प्र0।
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अनीता सी0 मेश्राम)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/